## एक नजर में

### आयुष विभाग ने वृद्धाश्रम में आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 37 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया




**मंदसौर।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. कमलेश धनोतिया द्वारा बताया गया कि सेवा पखवाड़ा अभियान 2025 के अंतर्गत जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, मंदसौर द्वारा वृद्धाश्रम कौशल्या धाम में आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 37 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें औषधियाँ वितरित की गईं। साथ ही आहार–विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या संबंधी जानकारी प्रदान कर वृद्धजनों को विभिन्न रोगों के प्रति जागरूक किया गया।

### 23 सितम्बर को आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर लगेगा

**मंदसौर।** जिला आयुष अधिकारी द्वारा बताया गया कि सेवा पखवाड़ा एवं दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जिले में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर 23 सितम्बर 2025 को शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, 500 क्वार्टर, रेवास देवड़ा रोड द्वारा विशाल नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं औषधि वितरण का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन राम जानकी मंदिर, मंदिर चौक, नरसिंहपुरा (वार्ड नंबर 36) में प्रात: 09 बजे से किया जाएगा।


### भानपुरा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भानपुरा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शनिवार को सिविल हॉस्पिटल भानपुरा में विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चंदरसिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उपचाररत पाँच टीबी मरीजों को फूड बकेट पोषण आहार योजना के तहत सामग्री प्रदान की। आयोजित शिविर में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग, हड्डी रोग, मानसिक रोग, नेत्र रोग, त्वचा रोग एवं ईएनटी (नाक–कान–गला) संबंधी रोगों का परीक्षण कर लाभार्थियों को परामर्श व उपचार उपलब्ध कराया गया।



साथ ही भारतीय जनता पार्टी के सदस्य, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर व कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर कुल 75 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय मंदसौर की रक्त यूनिट द्वारा संग्रहित किया गया। शिविर में आयोजित कार्यशाला में जिला समन्वयक सतीश शर्मा एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव सिजेरिया ने अभियान की जानकारी दी। अंत में अभियान के संकल्प को दोहराते हुए सभी ने एक स्वर में कहा – टीबी हारेगा, देश जीतेगा।

### उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बनाया मानव श्रृंखला, स्वच्छता का संदेश दिया



**मंदसौर।** स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत आज उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में एक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए जागरूकता का संदेश दिया। सीईओ जिला पंचायत जैन ने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह जन आंदोलन है। जब बच्चे आगे आकर समाज को संदेश देते हैं तो उसका असर गहरा होता है। उन्होंने छात्र – छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यही नई पीढ़ी आने वाले भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाएगी। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। विद्यार्थियों ने शपथ भी ली कि वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे।

### दलौदा पुलिस ने दो तस्करों को पकड़ा, 1 किलो अल्प्राजोलम व 5 किलो डोडाचूरा बरामद

**मंदसौर।** थाना दलौदा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई



करते हुए दो तस्करों को पकड़कर उनके कब्जे से 1 किलो अवैध मादक पदार्थ अल्प्राजोलम (कीमत लगभग 2 लाख रुपये) एवं 5 किलो डोडाचूरा (कीमत लगभग 20 हजार रुपये) जब्त किया। तस्करी में प्रयुक्त एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद इकबाल (55) निवासी भैसोदामंडी, भानपुरा तथा रामेश्वर गुर्जर (41) निवासी झालावाड़, राजस्थान शामिल हैं। पुलिस ने उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि मनोज गर्ग एवं टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने कहा है कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### समाज अध्यक्ष का नगर आगमन पर स्वागत सम्मान हुआ



**टकरावद/नाहरगढ।** श्री दामोदर वंशीय नया गुजराती दर्जी समाज संगठन के अध्यक्ष मांगीलाल परमार का टकरावद आगमन हुआ। आप का समाज द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। आपने भेरुलाल चौहान के स्वास्थ्य की कुशलक्षेम जानी व मुलाकात पर चर्चा हुई। आपका भेरुलाल चौहान, काशीराम, मुकेश कुमार, कारुलाल, रामगोपाल, राजकुमार, विनोद सहित चौहान परिवार के द्वारा स्वागत–सत्कार कर सम्मान किया गया व उज्जवल भविष्य की कामना दी। आप समाज हित के लिए सक्रिय होकर काम करे।

# संदिग्ध हालत में मिली अज्ञात मोटरसाइकिल, नंबर प्लेट व चेसिस नंबर मिटाए

### पुलिस ने जताई आपराधिक गतिविधि में उपयोग की आशंका

**पिपलियामण्डी। नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार शाम 7 बजे करीब पिरगुराड़िया फंटे के पास उस समय हलचल मच गई, जब सड़क किनारे एक खेत में संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल छुपाकर रखी हुई मिली। ग्रामीणों की सूचना पर नारायणगढ़ पुलिस की 112 डायल टीम मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में ले लिया। पुलिस द्वारा दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बरामद मोटरसाइकिल टीवीएस स्पोर्ट कंपनी की है।**



वाहन की स्थिति काफी खराब पाई गई है। मोटरसाइकिल को बुरी तरह से तोड़फोड़ किया गया है। खास बात यह रही कि गाड़ी से नंबर प्लेट पूरी तरह गायब कर दी गई है और चेसिस नंबर को भी मिटा दिया गया है। इस कारण से मोटरसाइकिल के वास्तविक मालिक की पहचान करना पुलिस के लिए फिलहाल संभव नहीं हो पा रहा है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि वाहन को किसी आपराधिक गतिविधि में उपयोग किया गया हो सकता है और सबूत छुपाने की नीयत से नंबर प्लेट और चेसिस नंबर मिटाए गए हैं। बरामदगी के बाद पुलिस ने वाहन को थाने में खड़ा कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आस–पास के क्षेत्रों से सुराग जुटाने और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर यह वाहन किसका है और यहां किस उद्देश्य से छुपाकर रखा गया था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मोटरसाइकिल जिस हालत में खेत पर झाड़ियों में छुपाई गई, उससे साफ है कि इसमें कोई बड़ी गड़बड़ी जरूर है। ग्रामीणों द्वारा संदेह जताया जा रहा है कि यह वाहन चोरी का हो सकता है या फिर किसी वारदात में प्रयुक्त हुआ है। नारायणगढ़ पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच हर पहलू से की जा रही है। पुलिस टीम वाहन की पहचान निकालने और उसके स्रोत का पता लगाने में जुटी हुई है।

### मॉडल स्कूल भानपुरा में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला आयोजित

## विधायक सिसोदिया ने टीबी मरीजों को फूड पैकेट प्रदान किए



**मंदसौर। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत आज सिविल हॉस्पिटल भानपुरा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चंदरसिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उपचाररत पाँच टीबी मरीजों को फूड पेकेट पोषण आहार योजना के तहत प्रदान किए। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग, हड्डी रोग, मानसिक रोग, नेत्र रोग, त्वचा रोग एवं ईएनटी (नाक–कान–गला) संबंधी रोगों का परीक्षण कर लाभार्थियों को परामर्श व उपचार उपलब्ध कराया गया।

साथ ही मॉडल स्कूल भानपुरा में छात्र–छात्राओं के बीच प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें टीबी के लक्षण, जांच एवं उपचार की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान वाद–विवाद प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। लगभग 300 छात्र–छात्राएं एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यशाला में अभियान की जानकारी जिला समन्वयक सतीश शर्मा एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव सिजेरिया द्वारा दी गई। अभियान के संकल्प को दोहराते हुए सभी ने संकल्प लिया। टीबी हारेगा, देश जीतेगा।

# वोट चोरी के खिलाफ राहुल गांधी के अभियान को मंदसौर जिले में एक लाख हस्ताक्षर का लक्ष्य : गुर्जर

**मंदसौर। 20 सितंबर 2025– लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मुद्दे पर शुरू किए गए देशव्यापी अभियान के तहत मंदसौर जिला कांग्रेस कमेटी सक्रिय रूप से जुट गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने जिले में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों, मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।**



बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले में वोट चोरी के खिलाफ जागरूकता अभियान को और मजबूत करते हुए ब्लॉक और मंडलम स्तर तक एक लाख हस्ताक्षर एकत्रित किए जाएंगे।

इस अभियान को प्रभावी और पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर रणनीति तैयार की गई।

इस अवसर पर विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, प्रदेश सचिव सोमिल नाहटा, परशुराम सिसोदिया, और पूर्व जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा ने भी विचार व्यक्त किये। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से इस अभियान को जन–जन तक पहुंचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

गुर्जर ने कहा, वोट चोरी लोकतंत्र पर हमला है । इस अभियान के माध्यम से हम जनता को जागरूक करेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे।

आज से जिले में इस अभियान की शुरुआत हुई। जिसमें कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों को इस मुद्दे से जोड़ेंगे और हस्ताक्षर अभियान को गति देंगे ।

इस बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष गण में सर्वश्री अनिल शर्मा, ओम प्रकाश राठौर, वीरेंद्र सिंह हाडा, कमलेश जायसवाल, बसंतीलाल सोलंकी, विकास दशोरा, सुरेश पाटीदार, कृपाल सिंह सोलंकी, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष अंबालाल हिंगोरिया, सलीम खान, घनश्याम कुमावत मोर्चा संगठन अध्यक्ष गण में श्रीमती रूपल संचेती, अनीस मंसूरी, रितिक पटेल, सुरेश भाटी, विश्वास दुबे, अंसार मंसूरी, रमेश सिंगार, मिथुन कटारिया आदि इस महत्वपूर्ण बैठक मे सहभागिता की ।

# मन्दसौर जिले में 1000 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित

### निर्धारित गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले स्कूलों को 2 अक्टूबर को मिलेगा प्रमाण पत्र




**मंदसौर।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. जी. सूर्यवंशी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मन्दसौर जिले में 2 अक्टूबर 2025 तक 1000 स्कूलों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी स्कूलों को स्वयं मूल्यांकन स्कोरकार्ड में निर्धारित नौ गतिविधियों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले स्कूलों को 2 अक्टूबर को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. लेखा तंवर ने बताया कि भानपुरा ब्लॉक में इस अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 40 स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच पोस्टर, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 500 रुपये, द्वितीय स्थान को 300 रुपये की राशि तथा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. जी. सूर्यवंशी ने विजेताओं को प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवं पुरस्कार राशि वितरित की। इस अवसर पर स्कूलों के बाहर 100 गज (300 फीट) की दूरी तक पीली रेखा अंकित की गई, जिसके अंतर्गत तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

# बच्चों में नागरिकता के गुणों को विकसित कर उन्हें सर्तक, जागरूक और सक्रिय बनाना, संस्था की एक अच्छी पहल है : डाबी

### दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ



**मंदसौर/नाहरगढ।** उच्चतर माध्यमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का 2 दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम मॉडल स्कूल गरोठ एवं उत्कृष्ट उमावि मंदसौर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन के अतिथि मंदसौर एडीपीसी लोकेंद्र डाबी रहे। यह कार्यक्रम देश अपनाएं सहयोग फाउंडेशन द्वारा %एक्टिजन क्लब% के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य बच्चों को सतर्क,जागरूक और सक्रिय नागरिक बनाना है। क्लब कक्षा 9वीं के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है और इसमें हर माह 45 मिनट की उत्साहवर्धक, ज्ञानवर्धक, अनुसंधान आधारित, कला आधारित और अनुभव आधारित गतिविधियाँ शामिल की गई है। कार्यक्रम में शिक्षकों को गतिविधि पुस्तिका एवं कक्षा 9 के प्रत्येक सेक्शन के अनुसार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए बैज प्रदान किए गए।

देश अपनाएं सहयोग फाउंडेशन की स्थापना 2015 में देश के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक और बैंकर वल्लभ भंसाली ने की थी। फाउंडेशन का लक्ष्य बच्चों में नागरिकता के गुणों का विकास करना है। इस दो दिवसिय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को 2 स्थान पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक विज्ञान के मास्टर ट्रेनर भंवरलाल माली, राधेश्याम व्यास, सुधीर माथुर , कीर्तिपाल सिंह सिसोदिया एवं संस्था के मंदसौर जिला प्रभारी आरजू शमा, दुर्गेश कुमार, अभिषेक पंवार (देवास), देवीलाल डांगर, आशुतोष सोनगरा, सुरेंद्र सिंह, दशरथ सेन एवं प्रोग्राम मैनेजर अशोक पांचाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डाबी ने कहा की बच्चों में नागरिकता के गुणों को विकसित कर उन्हें सर्तक, जागरूक और सक्रीय बनाना, आज के परिदृश्य में अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में संस्था की यह एक अच्छी पहल है।

**अभियान** — न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका

# मंदसौर विश्वविद्यालय में सायकॉप प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मंदसौर/नाहरगढ़।** मंदसौर विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक साइंस विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सायकॉप का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों, अधिवक्ताओं और चिकित्सकों को एक ही मंच पर लाकर न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि आज के दौर में अपराधों की प्रकृति जटिल और तकनीकी होती जा रही है। ऐसे में फॉरेंसिक विज्ञान न्याय व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह न केवल अपराधों की वैज्ञानिक पड़ताल सुनिश्चित करता है, बल्कि न्यायालय में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करने में भी अहम भूमिका निभाता है।卐सायकॉप卐 जैसे कार्यक्रम छात्रों और प्रतिभागियों को न्यायिक प्रक्रियाओं तथा



फॉरेंसिक तकनीकों को करीब से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस पहल ने यह सिद्ध किया कि पुलिस, डॉक्टर और वकील का आपसी सहयोग ही न्याय प्रणाली को सुदृढ़ और प्रभावी बना सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.एस.एस. कुमार तथा मुख्य अतिथि वक्ताओं – डॉ. प्रवीण कुमार अरोरा (प्रमुख श्री अरविंदो मेडिकल इंस्टिट्यूट, इंदौर), डॉ. अनिल मंगेशकर (प्रमुख एसपीजीएमसी, मंदसौर), डॉ. तपन पेंड्रों (सहायक प्राध्यापक, महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, इंदौर) एवं डॉ. नंदीप कुशवाह (सहायक प्राध्यापक, एसपीजीएमसी, मंदसौर) की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर परआयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रवीण अरोरा ने कहा कि विज्ञान, कानून और न्याय को साथ लेकर चलना ही सच्चाई की विजय सुनिश्चित करता है। डॉ. अवनिल मंगेशकर ने पोस्टमार्टम जांच की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मृत्यु के कारणों की सही पहचान न्यायिक जांच को मजबूती देती है।डॉ. तपन पेंड्रो ने क्राइम सीन प्रोटोकॉल की आवश्यकता समझाई और कहा कि जांच की सटीकता शुरुआती प्रतिक्रिया और व्यवस्थित दस्तावेजीकरण पर निर्भर करती है।डॉ. नंदीप कुशवाह ने साक्ष्यों के वैज्ञानिक संग्रहण और संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गलत हैंडलिंग पूरे मामले को कमजोर कर सकती है। इस आयोजन की मुख्य प्रेरक डॉ. रवशिश कौर कोहली रहीं, जिन्होंने पुलिस अधिकारियों, अधिवक्ताओं और चिकित्सकों को एक ही मंच पर लाने की पहल की। उनके नेतृत्व और समर्पण से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। इसके साथ ही गजेन्द्र कुरमी, श्रवण शर्मा और शोएब अख्तर ने भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




# एचआईवी/एड्स कोई अभिशाप नहीं, जागरूकता जरूरी : खींची

**बसई/नाहरगढ़।** एचआईवी/एड्स सघन जागरूकता अभियान के तहत बसई ब्लॉक सीतामऊ जिला मंदसौर में जन जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर अदिति गर्ग के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान तथा नोडल अधिकारी डॉ. निशांत शर्मा के सानिध्य में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को एचआईवी/एड्स संबंधी जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग के जगदीश खींची ने कहा कि एचआईवी/एड्स कोई अभिशाप नहीं, बल्कि इससे डरने के बजाय लड़ने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सिरिंज, संक्रमित रक्त व गर्भवती महिला से बच्चे को यह बीमारी फैल सकती है। वहीं, हाथ मिलाने, साथ खाने, छींकने, खांसने, हवा या मच्छर काटने से यह नहीं फैलती।

काउंसलर बंटी दायमा ने कहा कि सावधानी ही इसका सबसे बड़ा इलाज है। उन्होंने बताया कि हर ब्लॉक एवं जिला चिकित्सालय में इसकी नि:शुल्क जांच सुविधा उपलब्ध है। शिविर में गांव के गणमान्य नागरिकों सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सीएचओ जेटु सिंह, एसटीएस मुकेश वर्मा, सुपरवाइजर महिमा, आनंद शर्मा, काउंसलर बंटी दायमा, मलेरिया इंस्पेक्टर आशा एवं आंगन वाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।